Chapter – 1

Creating and Running a Web Application

Visual Studio में वेब एप्लीकेशन को बनाना और उसे चलाना बहुत ही आसान होता है, इस पोस्ट हम जानेंगे की हम किस प्रकार से web application create करते हैं और किस तरह से आसानी से web application को run कर सकते हैं|

Creating a Web Application

Web application को बनाने से पहले हम IIS server को install करते है। IIS server को install करने के बाद ही हम अपने application को बना सकते हैं। इसके लिये हम अक्सर wwwroot folder के अंदर ही अपनी web application को रखते है।

इसके लिये पहले हम visual studio को open करते है और उसके file menu में से new web application का चुनाव करते है। जैसे ही हम इस पर click करते है तो हमारे सामने एक dialog box दिखाई देता है, उसमें से हम ASP .Net website icon पर click करते है और उसके बाद उसके side में language selection name का box show होता है उसमें से हम C# language को select करते है|

फिर हम dialog box में नीचे देखते है तो वहाँ पर हमें अपनी आवश्यकता के अनुसार web application का नाम प्रविष्ट कर सकते है। उसके नीचे file location वाला text box दिखाई देता है। अब हम जहाँ पर हमारा IIS install है, उस जगह को यही पर set करते है। और OK button पर click करते है ,तो हमारे द्वारा बनायीं गयी web application हमारे सामने प्रदर्शित होने लगती है। अब हम अपनी आवश्यकता के अनुसार designing कर सकते है जिसके लिये हम visual studio tool bar का प्रयोग करते है।

जब हमारे द्वारा एक web application का निर्माण किया जाता है, तो उसमे कई files का प्रयोग किया जा सकता है जो निम्न्न है –

1. **Assembly info visual** – यह हमारी assembly के लिये सभी सूचना को समाहित करता है। उदहारण के लिए website से सम्बंधित सभी जानकारियां|
2. **global.asp** – यह ASP request के लिये application level को handle करता है।
3. **Style.css** – इसकी सहायता से हम HTML page में style को set कर सकते है।
4. **Web.config** – इसकी सहायता से हम ASP .NET application के लिये विभिन्न setting को set कर सकते है।
5. **Project Name** – इसकी सहायता से हम ASP .NET में दिखाई देने वाली अपने project में XML file और अन्य files को देख सकते हैं।
6. **Website.aspx** – यह एक webpage होता है।

Running a Web Application

जब हम एक application को create करते हैं तो उस पर last step run करना होता है, अर्थात जो web application हमारे द्वारा बनाया गया है, उसे हम visual studio में आसानी से execute कर सकते है। इसके लिये हम create किये जाने वाले application को web server के WWW route के अंदर अपनी files को या application को एक folder के अंदर रखते है। अब हम इस application को run करते है।

Run करने के लिये हम पहले एप्लीकेशन को debug करना पड़ता है उसके बाद उसे हम F5 से run करते है| जैसे ही हम F5 key को press करते है, हमारा web application web browser के रूप में run हो जाता है। अब हम web browser के address bar में देखते है तो वहाँ पर हमारे application का address show होता है जो निम्न प्रकार का हो सकता है है

http://localhost/VisionInfotech/main.aspx

इस address में हम देखते है तो हमारा application main.aspx है जो VisionInfotech folder के अंदर store है, इसका मतलब हमारा application VisionInfotech name के directory के अंदर रखा गया है।